



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Science Solutions

Chapter - 1

Chapter Name- (पृथ्वी पर जीवन)

Page No.- 4 Chapter- 1

प्रश्न 1-`रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए.

(क) किसी देश की तुलना में पृथ्वी के पर्यावरण में अधिक_____ पाई जाती है।

उत्तरः- विविधता

(ख) सामान्य परिस्थिति की तुलना में रेगिस्तान और बर्फीले प्रदेशों में_____ जीवधारी पाए जाते हैं।

उत्तरः- कम

(ग) समुद्र में लम्बी लम्बी _____ पाई जाती है।

उत्तरः- श्रृंखलाएं

(घ) कुछ जन्तुओ को पानी नहीं पीना पड़ता क्योंकि उन्हें _____से पर्याप्त पानी मिल जाता है।

उत्तरः- भोजन

Page No.- 5, Chapter -1

अभ्यास के प्रश्न -

प्रश्न 1- रिक्त स्थानों को पूर्ति कीजिए -

(क) जीवन की मूल आवश्यकताए _____,_____और _____ है।

उत्तरः- भोजन ,जल ,वायु

aglasem.com

schools.aglasem.com

(ख)रेगिस्तान में दिन बहुत अधिक _____ _तथा रात बहुत अधिक _____ होती है।

उत्तर:- गर्म, ठंडी

(ग)जीवधारी आपस में _____से जुड़े रहते है।

उत्तर:- खाद्य श्रृंखलाओं

(घ)जहां जीवधारी रहते है और प्रजनन करते है उसे उनका _____ कहते है।

उत्तर:- आवास

(ड) _____ के कारण जीवधारी अपने आपस में बिना कठिनाई के रहते है।

उत्तर:- अनुकूलन

Page No.- 5 Chapter - 1

प्रश्न 2- सही अथवा गलत कथनो को पहचान कर गलत कथन को सही कर लिखिए -

(क) रेगिस्तान में चारों ओर पानी ही पानी होता है।

उत्तर:- गलत

सही कथन:- रेगिस्तान के चारों ओर रेत ही रेत होती है।

(ख) समुद्री पौधे हवा में स्थित ऑक्सीजन लेकर श्वसन करते है।

उत्तर:- गलत

सही कथन:- समुद्री पौधे समुद्र के जल में घुली हुई वायु में उपस्थित ऑक्सीजन (O_2) का उपयोग कर श्वसन करते है।

(ग) आर्कटिक प्रदेश के मुख्य मांसाहारी जंतु चूहे ,हिरण और खरगोश है।

उत्तर :- गलत

सही कथन :- आर्कटिक प्रदेश के प्रमुख मांसाहारी जंतु ध्रुवीय भालू ,भेड़िये ,लोमड़ी और उल्लू है।

(घ) आर्कटिक प्रदेश में रहने वाले जंतुओं के शरीर पर बाल पाए जाते है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर :- सही

(ड़) रेगिस्तान या आर्कटिक प्रदेश में रहने वाले जीवधारी हमारे आवास में रह सकते है।

उत्तर:- गलत

सही कथन :- रेगिस्तान या आर्कटिक प्रदेश में रहने वाले जीवों के लिए यह आवास अनुकूल वातावरण नहीं होता इसलिए ये हमारे आवास में नहीं रह सकते है।

Page No.- 6, Chapter -1

प्रश्न 3- इनके उत्तर दीजिए -

(क) छिपकली, घुन आदि जंतु पानी पीते हुए दिखाई क्यों नहीं देते ?

उत्तर :- छिपकली , घुन आदि जंतुओं को इनके भोजन से ही पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त हो जाता है, अत: शरीर को अलग से पानी की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए ये जंतु पानी पीते हुए दिखाई नहीं देते।

Page No.- 6, Chapter -1

(ख) दीवारों पर उगे पीपल के पौधे को खनिज लवण तथा पानी कहाँ से प्राप्त होता है ?

उत्तर :- दीवारों पर उगे पीपल के पौधो की खनिज लवण जड़ो से प्राप्त होती है ,ये जड़े काफी अधिक लम्बी होती है तथा जहाँ जल व खनिज मिलने को संभावना होती है ,उस दिशा में ये जड़े मूड जाती है, तथा खनिज लवण तथा जल प्राप्त कर लेती है।

Page No.- 6, Chapter -1

(ग) आर्कटिक प्रदेश के अधिकांश जंतु सफ़ेद रंग के क्यों होते है ?

उत्तर :- आर्कटिक प्रदेश में इतनी ठंड होती है, कि जिसके कारण यहां का अधिकांश भाग पूरे वर्ष भर बर्फ से ढका रहता है। अत: वातावरणीय प्रभाव के कारण यहां के अधिकांश जंतु सफेद रंग के होते है।

Page No.- 6, Chapter -1

(घ) ऐसी खाद्य श्रृंखला का निर्माण कीजिये जो समुद्र से आरम्भ होकर जमीन पर समाप्त होती है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर :- ध्रुवीय प्रदेश को खाद्य श्रृंखला ऐसी खाद्य श्रृंखला है ,जो समुद्र से आरम्भ होकर जमीन पर समाप्त हो जाती है ,जो निम्नलिखित है -

समुद्री पौधे और काई →छोटे जंतु →बड़े जंतु और छोटी मछलियां →बड़ी मछलियां →सील ध्रुवीय

Page No.-6, Chapter -1

(ड) रेगिस्तान तथा समुद्र को एक एक खाद्य श्रृंखला बनाइए।

उत्तर :- रेगिस्तान को खाद्य श्रृंखला :-

(i) रेगिस्तानी पौधे → रेगिस्तानी कीड़े →रेगिस्तानी छिपकली और चूहे →बाज और उल्लू
(ii) समुद्र को खाद्य श्रृंखला :- काई तथा छोटे समुद्री →छोटे जंतु →बड़े जंतु और छोटी मछलिया →बड़ी मछलिया →सील →ध्रुवीय भालू।

Page No.-6, Chapter -1

(च) जीवधारी जिस प्रकार के पर्यावरण में रहते है उसमे रहने के लिए आवश्यक परिवर्तन उनके शरीर में हो जाते है। अपने शब्दों में लिखिए कि यदि पूरी पृथ्वी पर एक समान पर्यावरण होता तो जीवधारियों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता।

उत्तर :- यदि पूरी पृथ्वी में एकसमान पर्यावरण होता तो जीवधारियों में जैव विविधता समाप्त हो जाएगी। ऐसी स्थिति में जीवधारियों का रहन - सहन,व्यवहार ,खान -पान ,उनकी प्राकृतिक संरचना में कोई भिन्नता (अंतर) नहीं होता, जिससे जीवधारियों के मध्य आपसी संघर्ष बढ़ जाने के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है।

Page No.- 6, Chapter -1

(छ) अपने शब्दों में लिखिए कि गुफाओं में रहने वाले चमगादड़ गुफाओं के बाहर पाए जाने वाले पौधे पर किस प्रकार निर्भर होते है।

उत्तर :- गुफाओ में पाए जाने वाले चमगादड़ रात्रि के समय भोजन की तलाश में गुफाओं से बाहर निकलते है ,तथा गुफाओं के बाहर पौधे के फूलो का पराग चूसकर तथा फलो के रस चुसकार पोषण ग्रहण करते है।

Page No.- 6, Chapter -1

(ज) यदि समुद्र के पानी से सारी काई गायब हो जाए तो उसका ध्रुवीय भालू पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तरः- यदि समुद्र के पानी से सारी काई गायब हो जाये तो, खाद्य श्रृंखला पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे काई के समाप्त हो जाने के कारण छोटे जन्तुओ का भोजन समाप्त हो जायेगा , जिसके कारण ये जीवित नहीं रह पाएंगे, जिससे बड़ी मछलिया तथा सील का भोजन भी समाप्त हो जायेगा, जिससे खाद्य श्रृंखला टूट जाएगी और ध्रुवीय भालुओ को भोजन नहीं मिलने के कारण उनकी प्रजाति भी विलुप्त हो जाएगी।

aglasem.com

schools.aglasem.com

aglasem.com